समाचार

# बसंत पंचमी पर महापौर, सभापति व आयुक्त ने की निगम की लाईब्रेरी में मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना



कोरबा 23 जनवरी 2026 –बसंत पंचमी के पावन अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के सार्वजनिक वाचनालय सह लाईब्रेरी में वीणावादिनी मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन एवं सुख शांति की कामना की। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पुराना बस स्टैण्ड गीतांजलि भवन स्थित अपने सार्वजनिक वाचनालय सह लाईब्रेरी में बसंत पंचमी के मौके पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया था। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने सार्वजनिक वाचनालय पहुंचकर विद्यादायनी मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना की। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा के साथ ही उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, राकेश नागरमल अग्रवाल, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।